आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक: 5600 दिनांक 4.11.2019

श्रीमान प्राचार्य महोदय,

राजकीय महाविद्यालय (समस्त)

....

विषय :– राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के कार्मिक/अधिकारी को महाविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जिन महाविद्यालयों में राजस्थान लेखा सेवा के कार्मिक/अधिकारी का पद रिक्त है तथा पद रिक्त होने के कारण महाविद्यालय का कार्य प्रभावित हो रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य यह चाह रहे हैं कि उनके महाविद्यालय में राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के कार्मिक/अधिकारी का पदस्थापन किया जाये या अतिरिक्त कार्यभार दिया जावे। आपके शहर/कस्बे के राजकीय कार्यालय में पदस्थापित राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के कार्मिक/अधिकारी जिसे आप महाविद्यालय के कार्य का कार्यभार दिलवाना चाहते हैं, सूचना पत्र के साथ संलग्न प्रारूप में दिनांक 10.11.2019 तक इस कार्यालय को ई मेल आई डी **jdadmn.cce@rajasthan.gov.in** पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करावें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

4/11/19

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक: 5600 दिनांक 4.11.2019

प्रतिलिपि :– महाविद्यालयों के साथ संबंधित के लिये नियुक्त किये गये समस्त प्रभारी अधिकारियों को प्रेषित कर लेख है कि वे उनसे सम्बन्धित महाविद्यालयों से सम्पर्क कर वांछित सूचना निर्धारित दिनांक तक मंगवाया जाना सुनिश्चित करावें।

वेब प्रभारी : अपलोड करने हेतु।

4/11/19

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

(सूचना के पत्र का प्रारूप)

श्रीमान वित्तीय सलाहकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

विषय :– अधीनस्थ लेखा सेवा के कार्मिक / अधिकारी को महाविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार दिलवाये जाने सम्बन्धी सूचना।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि अधीनस्थ लेखा सेवा के कार्मिक / अधिकारी को महाविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार दिलवाये जाने सम्बन्धी सूचना आप द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रेषित की जा रही है :–

क्र.सं.	कार्मिक / अधिकारी का नाम एवं पदनाम	कार्मिक के कार्यालय का नाम एवं पूर्ण पता
1	2	3

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
....
मोबाईल नं.......................................
ई–मेल आई डी..........................